


PTI

## क्लासरूम में बैठा है देश का भविष्य : आतिशी

■ **विस, नई दिल्ली** दिल्ली सरकार के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने शनिवार को शिक्षा निदेशालय और एमसीडी स्कूलों के 2700 से अधिक स्कूल प्रमुखों के लिए मिशन बुनियाद को लेकर जॉइंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया। इस मौके पर दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि देश का भविष्य क्लासरूम में बैठा है। हम देश के भविष्य को मजबूत कर सकें, इसके लिए जरूरी है कि हम अपनी कक्षाओं में बैठे बच्चों की बुनियाद को मजबूत करें।


मिशन बुनियाद के सिलसिले में जॉइंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ, 2700 से ज्यादा शिक्षकों ने लिया हिस्सा

उन्होंने कहा कि इस दिशा में शिक्षा निदेशालय और एमसीडी स्कूल दिल्ली की शिक्षा प्रणाली के दो मजबूत स्तंभ हैं और दोनों साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाएंगे। वहीं, मेयर शैली ओबरॉय ने भी कहा कि सभी स्कूल प्रमुख अपने टीचर्स को हमेशा हर बच्चों को बेहतर सीखने में मदद करने के लिए प्रेरित करें, तभी हम मिशन बुनियाद के लक्ष्य पूरी तरह से प्राप्त कर पाएंगे।

## कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट 45 दिनों के लिए रिन्यू

■ **प्रस, नई दिल्ली :** एमसीडी के कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट तो रिन्यू कर दिया गया है, लेकिन सिर्फ 45 दिनों के लिए। एमसीडी अफसरों का कहना है कि एमसीडी में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले करीब 14 हजार से अधिक कर्मचारी हैं। इनमें से करीब 4-5 हजार कर्मचारियों को अलग-अलग तीन एजेंसियों ने आउटसोर्स किया है। तीनों एजेंसियों का कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च को खत्म हो गया था। जिससे 4-5 हजार कर्मचारियों की नौकरी पर खतरा मंडराने लगा था। मामले के तूल पकड़ने के बाद मेयर ने कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट किसी रिन्यू करने के लिए कहा। सिर्फ 45 दिनों के लिए ही कॉन्ट्रैक्ट पीरियड बढ़ाने से एमसीडी में कॉन्ट्रैक्ट पर कार्यरत कर्मचारी काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि 45 दिन बाद फिर उनकी नौकरी पर खतरा मंडराते लगेगा।

## मार्केट असोसिएशन, RWA को पुरस्कार



■ **प्रस, नई दिल्ली:** एनडीएमसी एरिया के रिहायशी इलाकों और बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करने के लिए शनिवार को कुछ आरडब्ल्यूए और मार्केट ट्रेडर्स असोसिएशन के पदाधिकारियों को स्वच्छ प्रेरक पुरस्कार दिया गया। एनडीएमसी चेयरमैन अमित यादव और उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। एनडीएमसी चेयरमैन ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक के लिए जनभागीदारी जरूरी है। कुल 135 पुरस्कारों में से 37 पुरस्कार रिहायशी कॉलोनियों की आरडब्ल्यूए, 28 मार्केट असोसिएशन, 18 स्कूल, 9 होटल्स और 7 धार्मिक स्थलों के प्रबंधन को दिए गए।

# अगर मैं भ्रष्टाचारी, तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं: केजरीवाल

## सीएम का ऐलान: CBI-ED अफसरों के खिलाफ हम केस दर्ज कराएंगे

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

PTI

"सीबीआई ने मुझे बुलाया है, मैं जाऊंगा। लोगों को टॉर्चर कर, धमकी और थर्ड डिग्री देकर उनसे केजरीवाल और सिसोदिया का नाम लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हम झूठे सबूत बनाने और कोर्ट में झूठा साक्ष्य पेश करने के लिए सीबीआई और ईडी के अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करेंगे। *– अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली*



**दिल्ली के** सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर केजरीवाल भ्रष्टाचारी है, तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। सीबीआई ने मुझे कल बुलाया है, मैं जाऊंगा। केजरीवाल ने कहा कि लोगों को टॉर्चर कर, धमकी और थर्ड डिग्री देकर उनसे केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का नाम लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हम झूठे सबूत बनाने और कोर्ट में झूठा साक्ष्य पेश करने के लिए सीबीआई और ईडी के अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज कराएंगे। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा कि अगर केजरीवाल चोर और भ्रष्टाचारी है, तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है।

केजरीवाल ने कहा कि ईडी-सीबीआई ने अपनी सारी जांच पूरी करने के बाद सिसोदिया पर 14 फोन तोड़कर सबूत नष्ट करने का आरोप लगाया है। सीएम ने ईडी की चार्जशीट सामने रखते हुए कहा कि चार्जशीट में सभी 14 मोबाइल फोन का आईएमईआई नंबर लिखा हुआ है। ईडी का कहना है कि ये सभी 14 फोन सिसोदिया के थे और उन्होंने इन सभी को नष्ट कर दिया। ईडी के कुछ सीजर मेमो भी अटैच हैं, जिसमें ईडी खुद ही कह रही है कि 14 फोन में से 4 फोन उसके पास है। वहीं, सीबीआई का एक दस्तावेज है, जिसमें कहा गया है कि 14 में से एक फोन सीबीआई के पास है। जांच एजेंसियां कह रही हैं कि सिसोदिया ने 14 मोबाइल तोड़ दिए, लेकिन इसमें से 5 ईडी-सीबीआई के कब्जे में हैं।

सीबीआई-ईडी को अब तक कुछ मिला भी नहीं है। इसलिए जांच एजेंसियों ने झूठ बोलकर सिसोदिया को फंसाने की कोशिश की: केजरीवाल

उन्होंने कहा कि हमारी जांच में पता चला है कि 14 फोन में से 5 तो सीबीआई-ईडी के पास हैं और बाकी 9 फोन में से अधिकांश चालू हैं। इन मोबाइल को कोई न कोई इस्तेमाल कर रहा है। ये सारे मोबाइल फोन सिसोदिया के नहीं हैं। ईडी-सीबीआई ने एफिडेविट पर झूठ बोलकर कोर्ट को गुमराह किया और कोर्ट के सामने झूठा सबूत पेश किया। सीबीआई-ईडी को अब तक कुछ मिला भी नहीं है। इसलिए जांच एजेंसियों ने झूठ बोलकर सिसोदिया को फंसाने की कोशिश की। झूठे सबूत बनाने और कोर्ट में झूठा साक्ष्य पेश करने के लिए सीबीआई और ईडी के अधिकारियों के खिलाफ हम केस दर्ज कराएंगे। सीएम ने कहा कि मैं कह रहा हूं कि मैंने 17 सितंबर की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक हजार करोड़ रुपये दिए, तो क्या इस आधार पर उनको गिरफ्तार कर लेंगे? आरोप लगाने के लिए मेरे पास कुछ तो सबूत होना चाहिए, तभी तो मैं कहूंगा कि मैंने प्रधानमंत्री को एक हजार करोड़ दिए। ऐसे तो देश में खड़े होकर कोई भी कुछ भी कह देगा और गिरफ्तार कर लेंगे। बार-बार आरोप लगा रहे हैं कि गोवा चुनाव में 100 करोड़ रुपये दिए, तो सबूत कहां है? इनके पास कोई सबूत नहीं है। केजरीवाल ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के एक साक्षात्कार का जिक्र करते हुए भी पीएम पर हमला बोला।

### CBI, AAP ऑफिस पर सुरक्षा कड़ी

■ **विस, नई दिल्ली:** सीबीआई ने रविवार को मुख्यमंत्री को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। इसे देखते हुए दिल्ली पुलिस सीबीआई मुख्यालय और डीडीयू मार्ग पर आम आदमी पार्टी कार्यालय के बाहर कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा-व्यवस्था को भी ध्यान में रखते हुए ऐसा किया जा रहा है। बताया जाता है कि सीबीआई हेडक्वॉर्टर के बाहर और आसपास दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के करीब एक हजार जवानों की तैनाती की जा रही है।

### सीएम से रोज़ पार्टी के 100-100 कार्यकर्ता 5-5 सवाल करेंगे




केजरीवाल के बयानों पर वीरेंद्र सचदेवा और प्रवेश साहिब सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया पलटवार

## शराब केस में सरकार को घेरने के लिए BJP ने बनाई रणनीति

■ **प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली**

**कथित शराब** घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल के बयानों पर दिल्ली बीजपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और वेस्ट दिल्ली के सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने पलटवार किया है। बीजपी नेताओं का कहना है सीएम इस मामले में लोगों को गुमराह कर सकते हैं, लेकिन कोर्ट को नहीं। जिस तरह से सीएम यह कह रहे हैं कि शराब पॉलिसी में कोई घोटाला नहीं है, तो यही बात वह कोर्ट को क्यों नहीं बताते। बीजेपी नेताओं ने कहा कि दिल्ली सरकार कोर्ट के समक्ष यह मान चुकी है कि शराब पॉलिसी में घोटाला हुआ है और जांच में सहयोग देने का भरोसा भी दिया है।

सचदेवा के अनुसार सीएम का यह कहना है कि पहले 100 करोड़ रुपये बरामद कर लाएं, तभी वह बताएंगे कि मामले में गड़बड़ी हुई है या नहीं। यह बेहद ही बेतुका और निरर्थक बयान है। नई पॉलिसी को बेहतर साबित करने के लिए केजरीवाल अब यह कह रहे हैं कि यही पॉलिसी पंजाब में लागू होने के बाद रेवेन्यू में 71 प्रतिशत इजाफा हुआ है। अगर नई पॉलिसी इतनी ही बेहतर थी, तो जांच शुरू होने के बाद उसे वापस क्यों ले लिया? शराब माफिया विजय नायर का समीर महेंद्रू से परिचय कराने वाले भी सीएम ही हैं। विजय नायर दिल्ली सरकार में किसी भी पद पर नहीं था। इसके बाद भी उसे सरकारी बंगला दिया गया था। ऐसा क्यों? दिल्ली सरकार में अफसर रहे सी. अरविंद मनीष सिसोदिया के पीएस थे। मनीष सिसोदिया ने ही उन्हें सीएम के घर फोन कर बुलाया और शराब पॉलिसी में बदलाव करने के लिए कहा। शराब पॉलिसी में गड़बड़ियों पर रोजाना बीजेपी के 100-100 कार्यकर्ता 5-5 सवाल सीएम से करेंगे। सांसद प्रवेश साहिब सिंह का कहना है कि सीएम यह कह रहे हैं कि नई शराब पॉलिसी में कोई गड़बड़ी नहीं हुई, तो जांच शुरू होने के बाद दिल्ली सरकार ने यह पॉलिसी वापस क्यों ले ली?

### 'गड़बड़ी नहीं की तो घबराना क्यों'

**प्रस, नई दिल्ली :** बीजेपी नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने जब कोई गड़बड़ी ही नहीं की है, तो उसे पूछताछ से घबराना नहीं चाहिए। लेकिन, सीएम पूछताछ से घबराए हुए हैं और उनकी बौखलाहट स्पष्ट है। गुप्ता ने कहा कि शराब पॉलिसी घोटाले में बिना किसी राहत के मनीष सिसोदिया 50 दिनों से जेल में हैं। कोर्ट ने यह सुनिश्चित किया है कि घोटाले में सिसोदिया भी शामिल हैं। अगर वह दोषी नहीं होते, तो इतने दिन जेल में बंद नहीं होते।

## PM ने रची CM के खिलाफ साज़िश, चाहते हैं दिल्ली सरकार गिराना: AAP

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए सीबीआई का नोटिस मिलने पर आम आदमी पार्टी की ओर से कड़ी प्रतिक्रियाओं और केंद्र की बीजेपी सरकार पर तीखे हमले का सिलसिला जारी है। पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर सीएम केजरीवाल के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया है।

'आप' के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करते हुए पहले सरकार व पार्टी के नंबर-3 नेता, फिर नंबर-2 नेता और अब मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की तैयारी की है। प्रधानमंत्री ने अरविंद केजरीवाल को खत्म करने की ठान ली है। बीजेपी उन्हें साल-छह महीने जेल में रखने और फिर दिल्ली और पंजाब में जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर तांडव मचाने का सोच रही है। आखिर ऐसा क्या हो गया कि केंद्र सरकार ने सारी ताकत केजरीवाल के खिलाफ झोंक दी? यह सवाल सबके मन में है।

### नोटिस पर नाराज़गी

- केजरीवाल को CBI के नोटिस पर आप आदमी पार्टी की ओर से कड़ी प्रतिक्रियाओं का दौर जारी
- साजिश का मकसद सरकार को गिराना, क्योंकि केजरीवाल मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है: आप

पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली-पंजाब की सरकारों को गिराने में हर हथियार फेल हो गया, तो अब केजरीवाल को गिरफ्तार कर दिल्ली सरकार गिराने की साजिश रची गई है। पीएम को सीएम केजरीवाल से लड़ाई लड़नी है, क्योंकि दिल्ली सरकार उनकी आंख की किरकिरी बन गई है। इस साजिश के पीछे एकमात्र मकसद सरकार को गिराना है, क्योंकि केजरीवाल मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है।

पार्टी के एक और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने कहा कि जैसे कंस को पता था कि भगवान श्रीकृष्ण ही उसका वध करेंगे, वैसे ही बीजेपी को पता है कि केजरीवाल ही बीजेपी का अंत करेंगे। इसलिए बीजेपी केजरीवाल का राजनीतिक वध करने का प्रयास कर रही है। मगर जिस तरह कंस भगवान श्रीकृष्ण का बाल भी बांका नहीं कर पाया, वैसे ही बीजेपी भी केजरीवाल का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। केजरीवाल बेदाग ईमानदारी के साथ आधुनिक समय के महात्मा गांधी हैं। अगर वे भ्रष्ट हैं, तो इस दुनिया में कोई भी इंसान ईमानदार नहीं है।

वहीं, आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री की नाकामी और उनके दोस्तों के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले एकमात्र नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल हैं, यही कारण है कि केंद्रीय एजेंसी का गलत इस्तेमाल करते हुए उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। सीबीआई केजरीवाल को डराना-धमकाना चाहती है। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की 10 साल की नाकामी को देश के सामने रखा है, इसलिए उन्हें सीबीआई ने बुलाया है।

## सरकार ने कल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया



■ **विस, नई दिल्ली:** शराब नीति घोटाले में सीबीआई की ओर से नोटिस भेजे जाने के एक दिन बाद दिल्ली सरकार ने 17 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की है। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक विधानसभा में इस बात पर चर्चा होगी कि कुछ ताकतें आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार की ओर से किए जा रहे विकास के कामों के खिलाफ माहौल बना रही हैं। साथ ही ऐसे सवाल जिनके जवाब नहीं मिले हैं, उनको लेकर बनाई गई एक समिति की रिपोर्ट भी इस विशेष सत्र में पेश की जाएगी।

## विधानसभा का विशेष सत्र निजी समस्याओं के लिए नहीं: बिधूड़ी

■ **प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली**



**सोमवार को** विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने पर नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और बीजेपी विधायकों ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हो चुके हैं। सीएम को भी सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया है। ऐसे में सीएम ने विधानसभा सत्र अपने पक्ष में बातें रखने के लिए बुलाया है। बिधूड़ी ने स्पेशल सत्र पर रोक लगाने के लिए एलजी को पत्र भी लिखा है।

बिधूड़ी ने स्पेशल सत्र पर रोक लगाने के लिए एलजी को पत्र भी लिखा है

बिधूड़ी का कहना है कि सीएम को अपना पक्ष रखने के लिए विधानसभा सत्र का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह गैरकानूनी है। उन्हें अगर अपना पक्ष रखना ही है, तो सीबीआई के सामने रखें। उन्होंने एलजी से मांग की है कि स्पेशल सत्र के लिए आम आदमी पार्टी सरकार को अनुमति न दी जाए। उनका कहना है कि दिल्ली विधानसभा का गठन दिल्ली के लोगों की समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए किया गया है। किसी की व्यक्तिगत समस्याओं पर विचार के लिए नहीं। पिछले 8 साल से आम आदमी पार्टी विधानसभा का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदों को पूरा करने के लिए ही कर रही है। व्यक्तिगत समस्याओं पर चर्चा विधानसभा में करना किसी के भी अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। विधानसभा नियमावली में दिए गए नियम 61 में यह शर्त दी गई है कि दिल्ली विधानसभा में ऐसे विषय ही उठाए जा सकते हैं, जो दिल्ली सरकार का विषय हो। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ऐसे विषयों पर चर्चा करती है, जो दिल्ली सरकार के अंतर्गत आते ही नहीं। सदन में प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की आलोचना के प्रस्ताव पेश किए जाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और आप नेताओं पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesgroup.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

*Remembering*
*UNESCO Goodwill Ambassador*
*Madanjeet Singh*
*(April 16, 1924- January 6, 2013)*
*On his*
*99th Birth Anniversary*

*South Asia Foundation fondly remembers the visionary UNESCO Goodwill Ambassador Madanjeet Singh, author, diplomat, painter, photographer and philanthropist, who dedicated his life to the principle of regional cooperation among the countries of South Asia.* ***He is the first Indian in the history of UNESCO to be nominated UNESCO Good will Ambassador.***

*The South Asia Foundation pays tribute to the memory of its Founder and dedicates itself to achieving his vision for the Region.*

*South Asia Foundation-India*
*A-33 Vasant Marg, Vasant Vihar, New Delhi - 110057, India*
*Ph: +91 11 26153721-24 Email: saf@safmail.org*
*Website: https://www.southasiafoundation.org*



*"I do believe that history is not merely a series of accidents. It is a never-ending struggle between the reactionary, divisive warmongers and the people striving to realize their dream to live peacefully in cooperation with each other in a society where men and women love reason, despise hatred and violence."*
***- Ambassador Madanjeet Singh***

## सम्मान समारोह का आयोजन

■ **विस, नई दिल्ली :** राष्ट्रीय मान्यता पत्रकारों की संस्था एक्रीडिशन जर्नलिस्ट्स असोसिएशन ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में पत्रकार सम्मान अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया। वरिष्ठ पत्रकार उमेश जोशी और मधुरेंद्र सिन्हा को सम्मानित किया। इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्टस के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने कहा कि आज पत्रकार नहीं संस्थाएं कमजोर हो गई हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष योगानंद शास्त्री ने कहा कि अब पत्रकारिता के मायने बदल गए हैं। वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत गोस्वामी ने कहा कि लोकतंत्र को सुरक्षित बनाने के लिए पत्रकारों को भूमिका निभानी होगी। विजय शंकर चतुर्वेदी ने मंच संचालन किया। कोडले चान्नपा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

PRAYER MEETING



**Sh. Subhash Chandra Sakhuja**
With deep sorrow we announce the sad demise of Sh. Subhash Chandra Sakhuja, who left for his heavenly abode on 14.04.2023.
**Prayer Meeting will be held on 17.04.2023 Monday at 3 PM - 4 PM at Shri Sanatan Dharam Mandir, Shri Ram Mandir Marg, C-3 Bus Stop, Janakpuri, New Delhi-110058.**
In Grief :- Sakhuja Family
9810761020, 9810809991

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
| --- | --- |
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

SPACE FOR PHOTO 2x3 cms | In loving memory of Sh. .................. (dd/mm/yyyy-dd/mm/yyyy) You left us on this day 3 years ago but will always live on in our hearts. Deeply missed by ......... and .................. Text here ... text here ... Text here ... text here ... Text here ... text here ... Text here ... text here ...

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
**Vinod : 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
| --- | --- |
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

**To place an Obituary announcement or Remembrance message please call**
**Vinod: 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

BOOK YOUR OBITUARY ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Vinod Dhawan 9958992088 | Pankaj kumar 8130604727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads timesgroup.com

## महानगर खेल

आप भी हमें अपनी खेल खबर और फोटो भेजिए nbtdilli@gmail.com पर। सब्जेक्ट में लिखें Khel



### तन्मय की डबल सेंचुरी और एक ओवर में जड़े 7 छक्के

**मैन** ऑफ द मैच 14 साल के तन्मय सिंह (227 रन, 67 बॉल, 13 फोर, 26 सिक्स) ने धमाकेदार दोहरा शतक जड़ा। इस दौरान उन्होंने एक ओवर में सात छक्के भी लगाए। इसकी बदौलत मॉडर्न स्कूल बाराखंबा रोड (350/2) ने अंगूरी देवी मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में लोटस वैली इंटरनैशनल स्कूल (61/5) को 289 रन के बड़े अंतर से हरा दिया।

### पीजीडीएवी फाइनल में

विनायक खंडेलवाल (73*) और आर्यन शर्मा (57) की उम्दा पारी के बाद अनिकेत (3/20) के प्रयास से पीजीडीएवी कॉलेज (218/3) ने श्याम लाल कॉलेज (88/10) को 130 रन से हराकर श्री गुरु नानक देव इंटर कॉलेज टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

### एलबी शास्त्री सेमी में

विकास (127 रन) के शतक और विक्की सूद (3/23) व सुमित रावत (2/30) के प्रयास से एलबी शास्त्री सीसी (260/6) ने 17वें राधे किशन ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में मंथन क्रिकेट अकैडमी (257/7) को 4 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### अर्पित और अंकित चमके

अर्पित राणा (102) के शतक और अंकित चौधरी के 3 विकेट की मदद से रजनीगंधा अचीवर्स (241/4) ने 38वें लक्ष्मण दास छाबड़ा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में टीएन मेमोरियल क्रिकेट अकैडमी (237/8) को हराया।

### प्रियांश, आयुष चमके

प्रियांश भारद्वाज (70), आयुष (61) की उम्दा बैटिंग और यशदीप अहलावत (4/40), सचिन यादव (3/39) की मदद से आयुष क्रिकेट अकैडमी (224/4) ने 13वें बुधराम राजपूत मेमोरियल अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट न्यू बाला जी अकैडमी (223/10) को छह विकेट से हराया।



### स्पर्श, युवराज चमके

मध्य प्रदेश के अंडर-16 प्लेयर स्पर्श धाकड़ (97) की उम्दा बैटिंग और युवराज सिंह (27 रन, 3/09) के ऑलराउंड प्रदर्शन व अभिषेक राठी (3/10) के प्रयास से ग्लोबल अकैडमी (210/7) ने मनजीत कौर जोबान अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में माउंट सीसी (82/9) को 128 रन से हरा दिया।

### मास्टर क्लास क्लब जीता

प्रणय सिब्बल (3/25), अंश बिंदल (2/30), निर्गुण कुमार (2/13) और मंजीत सिंह (40) के प्रयास से मास्टर क्लास क्रिकेट क्लब (141/8) ने शशि शर्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में आरकेबी अकैडमी (137/10) को 2 विकेट से हराया।

## डीडीसीए लीग

### क्षितिज ने जड़ा शतक



दिल्ली रणजी प्लेयर क्षितिज शर्मा (118) की शतकीय पारी और मुसैद आजाद (63), अंकित प्रताप (57), मयंक रावत (3/36) के प्रयास से एनके खन्ना क्लब (317/5) ने टेलिफंकन क्लब (149/10) को 168 रन से हरा दिया।

### यजस की सेंचुरी

यजस शर्मा (137) के शतक और लक्ष्य सहरावत (45), अंकित चौहान (3/50) और यशजीत (2/35) के प्रयास से किशनगंज जिमखाना (297/10) ने पीएमजी (267/9) को 30 रन से हरा दिया।

### हिमांशु की सेंचुरी

हिमांशु राणा (100), अंकुर जुल्का (64) और विनय (4/40) के शानदार खेल से दिल्ली ऑडिट (305/8) ने पेलिकन (303/9) पर दो रन से जीत हासिल की। पेलिकन की ओर से जतिन कादियान ने 113 रन की उम्दा पारी खेली।

### अभीक, राजदीप चमके

अभीक अरोड़ा (80), राजदीप जैन (69) की उम्दा बैटिंग और पुष्कर शर्मा (3/25), जयदीप चौहान (2/11) के प्रयास से पूसा यंगस्टर्स (264/7) ने आनंद स्पोर्ट्स (65/10) को 199 रन से पीट दिया।